हारून और दूसरे आराधक अगुवे

जो बच्चों को पढ़ाते हैं वह डब्ल्यू 2 बी का अध्ययन करें।

पृष्ठभूमि: इस्राएल का पहला महायाजक हारून था। मूसा का भाई। लोगो के पापो के लिए हारून परमेश्वर को पशु बलि चढ़ाता था। वह पशु बलि के लिए भेड़े, शुद्ध और निश:कलंक जानवर, जो परमेश्वर के स्विकार भोजन हो, चढ़ाया करता था। वह उनकी गर्दन काटकर आग में जला देता था, जिससे उनके पापो का प्रायश्चित हो। आज, यीशु हमारे लिए परमेश्वर का मेमना है। वह पापो से निश:कलंक है और वह हमारे लिए मारा गया ताकि हमारे पापों का प्रायश्चित्त हो।

1. अपने झुण्ड को सही से आराधना के लिए तैयार करें।

आराधना के सात मूल तत्व सीखे

लगभग सभी कलिसियांए इन सात सामान्य गतिविधियों का अभ्यास करें। वह इसको भिन्न तरीके से और भिन्न क्रम में कर सकते हैं। कुछ साप्ताहिक और कुछ कम में।

1) स्तुति करो और धन्यवाद करो
2) प्रार्थना
3) वचन का सीखना
4) देना
5) अपने पापो का अंगीकार करना और परमेश्वर की क्षमा की प्रतीति करना।
6) रोटी तोड़ना (प्रभु भोज)
7) सहभागिता का आनन्द लेना।



- लूका अध्याय 6:38 में यीशु ने किस अराधना गतिविधि की आज्ञा दी।
- उत्पति अध्याय 18:20-33 में अब्राहम ने क्या किया।
- 2 शमूएल 22:47 में दाऊद।
- नहेम्याह 8:1-3 में इस्राएली।
- नहेम्याह 9:2 में इस्राएली
- निर्गमन 12:1-14 में कौनसी गतिविधि दिखाई गई है।
- भजनसंहिता 133 में आप क्या पातें हैं।

(उत्तर (1) देना (2) प्रार्थना (3) स्तुति (4) वचन (5) पापों का अंगीकार (6) प्रभु भोज (7) सहभागिता)

परमेश्वर के लोगों ने इन आराधना गतिविधियो का शताब्दियो तक अभ्यास किया।

- यीशु के इस संसार में आने से पहले पुराने नियम के यहूदी इसका अभ्यास अपने प्रार्थना स्थल पर करते थे।
- यीशु और पवित्र आत्मा ने नए नियम में उनको गहरा अर्थ दिया।
- प्रेरितो की शिक्षा यीशु की बलिदानी मृत्यु और जीवनदायी पुनरूत्थान पर केन्द्रित थी।
- मसीहियों ने हमेशा इन गतिविधियो का अभ्यास किया जो प्रेरितो के काम अध्याय दो में यरूशलेम की कलिसिया से शुरू हुआ।

- समस्त इतिहास में, जिन कलिसियाओ ने परमेश्वर के दिए हुए तरीके को माना उन्हें जीवित रखा और बहुत बढ़ाया, जब कि वह सताव से गुजर रहे थे।
- जिन कलीसियाओ ने इसका इन्कार किया, वह लड़खड़ा कर खत्म हो गई, जब मनुष्यो ने उन पर हमला किया था झूठी शिक्षा दी।
- कुछ गिरजाघरो में इसे सामान्य पूजन विधि के अनुसार जैसे चोगा पहनकर, सुगन्धित धूप और भजन गाना आदि। दूसरो ने स्वतन्त्र रूप में किया।
- वचन में लिखा है कि लोग परमेश्वर की स्तुति, गाकर नाचकर, खड़े रहकर, हाथ उठाकर, ताली बजाकर, घुटनो पर, मुँह के बल लेटकर, खमोशी में, ऊँची आवाज में, गवाहियो द्वारा और नाटक से करते थे। वह प्रतिभाओ, भजनो और बलिदान भी स्तुति के लिए करते थे। परमेश्वर बाहरी रूप की चिंता नहीं करता, जब तक पूरे हृदय से हम उसकी अराधना करें।
- कुछ कलिसियाएँ परमेश्वर की स्तुति करने से पहले भजनसंहिता पढ़ते या गाते हैं। आप वह पद प्रयोग कर सकते हैं जो, परमेश्वर की महिमा के लिए उसकी कृति, शक्ति, न्याय, प्रेम, दया, विश्वासयोग्यता और पवित्रता पर केन्द्रित हो।
- यहाँ पर कुछ पद भजनसंहिता से दिए गए है जो परमेश्वर की स्तुति में हमें सहायता करेगे।

8:1	66:1-4	98:1-3	111:1-4
9:1-2	81:1-2	100:1-3	117:1-2
29:1-2	93:1-2	103:1-6	136:1-26
47:1 95:1-3	106:1-2	148:1-14	

2. अपने सहकर्मी के साथ उन कामों की जो सप्ताह के बीच करने है योजना बनाए।

अपनी कलिसिया की आवश्यकताओ के अनुसार कार्यक्रम चुनिये।

- अराधना के बाद नए लोगो को खाने पर बुलाए।
- बच्चो से कहें कि बच्चों की सहायता करे चाहे वो कलीसिया की आराधना सभा में न भी आते हो।
- एक झण्डा बनाए जिस पर आराधना के वचन लिखे हो।
- उन दोस्तो के घरो में प्रार्थना और स्तुति करो जो कलिसियाई आराधना सभा में उपस्थित नहीं होते।

3. अपने सहकर्मी के आने वाली आराधना की योजना बनाए।

वह गतिविधियाँ चुनिए जो अवसर और स्थानिय रीति के अनुसार हो।

- परमेमश्वर की प्रार्थना और स्तुति भजनसंहिता के पदो को गाकर या पढ़कर करो।
- गवाहियाँ कराओ और गत सप्ताह का विवरण लो।

यीशु के संसार में आने से पहले आराधना किस तरह की थी, प्रमाणित करो।

- वर्णन करो कि आप पुराने नियम की आराधना को प्रमाणित करोगे।
- एक सहायक को अपने साथ बाहर ले जाए। जब आप वापस आओ तो वह भेड़ बना हो, हाथों और घुटनो के बल रेंगता हुआ चिल्लाए "बा"। उसको रस्सी से खीचने का नाटक करो।
- हारून (कोई भी) से कहो अपनी छुरी तेज करे। आग जलाए और भेड़ को वेदी पर बान्धे। हारून की मदद से भेड़ का मुँह कुर्सी की तरफ नीचे को करो।
- अपना हाथ उसके सिर पर रखकर कहें "मैं अपने और अपने परिवार के पापो का अंगीकार करता हूँ"।



- हारून से कहें उसका गला काटें जब वह इसका दिखावा करे तो ऐसा नाटक करें कि खून तुम्हारे ऊपर छिड़का, अपने हाथ ऊपर उठाकर हिलाए और चिल्लाए "ओह लहू सब जगह" डरे हुए पशुओ की मिमयाने की आवाज सुनो "खाद और लहू को सुंघो। धुआ आपकी आँखो में जा रहा है।
- लोगो से पूछो क्या यह आराधना थी। (उन्हे उत्तर देने दें)
- यह बड़ा हानिकारक 9और विरूद्ध है क्यों? हमारे पाप बहुत पवित्र परमेश्वर के विरूद्ध और हानिकारक है। यह बदला नहीं है। परमेश्वर अभी निश:कलंक लहू चाहता है, हमारे पापो को ढांपने के लिए।
- पूछिए: अब हम अपनी सभाओ में भेड़ क्यो नहीं ले जाते? विश्वासी उत्तर दे। अगर उन्होंने सही जवाब नहीं दिया, तो अपने शब्दों में वर्णन करो: यीशु परमेश्वर का आत्मिक मेमना है जो दुनियाँ के पापो को उठा ले जाता है। जब हम प्रभु भोज की रोटी और प्याले में हिस्सेदार होते है तो परमेश्वर के निश:कलंक, पवित्र मेमने के बदन और लहू में सहभागिता करते है जैसे 1 कुरिन्थियो 10:16 में लिखा है।

  बच्चो ने नाटक का अभ्यास किया है तो उसको प्रस्तुत करें और बड़ो से प्रश्न पूछे जो तैयार किए है।

प्रभु भोज के परिचय के विषय में उस आदमी की कहानी के बारे में बताओ जो राजा की शादी में वस्त्र पहनकर नहीं आया था (मत्ति 22:1-14)। खास कपड़े इस बात को दर्शाते हैं परमेश्वर हम विश्वासियो को अपनी पवित्रता में छुपा लेता है। जब भी हम पापो का अंगीकार करते हैं और उसकी क्षमा प्राप्त कर लेते हैं तो अपने आप को परमेश्वर में छुपा लेते हैं। प्रभु भोज लेने से पहले हमें यह करना चाहिए। सहभागिता में हम उस बड़े भोज को देखते हैं, जो प्रभु के लोगो, जब हम मसीह से विवाह करके अनन्तकाल में शामिल होगे।

यूहन्ना 4:24 याद करें

सप्ताह में जो आपकी गतिविधियाँ है उसकी घोषणा करें।

दो या तीन के समूह में एक दूसरे की सहायता करें। वह प्रार्थना करें, अपनी योजनाएँ बताए और एक दूसरे को प्रोत्साहित करें।

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net